13082026-DTM-13_27DT02A.qxd 8/12/2026 10:24 PM Page 1

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर पंचकूला में एचआईवी-एड्स जागरूकता अभियान शुरू

युवा शक्ति विकसित भारत और हरियाणा की सबसे बड़ी ताकत : नायब सैनी

उनभ अग्निहोत्री/ हप्र
पंचकूला, 12 अगस्त

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवा केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनकी ऊर्जा, सामर्थ्य और हुनर विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशव्यापी एचआईवी-एड्स जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान 12 अक्तूबर तक चलेगा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र और कैथल जिलों को एचआईवी के खिलाफ बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों से दूरी बनाना अज्ञानता है। बीमारी से लड़ना है, बीमार व्यक्ति से नहीं। उन्होंने युवाओं से नौकरी मांगने के बजाय रोजगार देने वाला बनने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएमटी खरखौदा की सफलता से प्रेरणा लेकर प्रदेश में 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित किए जाएंगे। इससे इंजीनियरों, तकनीशियनों, कुशल श्रमिकों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि नई स्टार्टअप नीति के तहत प्रदेश में 10 हजार से अधिक स्टार्टअप स्थापित हो चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। कुरुक्षेत्र और कैथल ने 95:95:99 का सुरक्षित दर्जा हासिल किया है, जबकि पंचकूला, भिवानी और यमुनानगर को सक्षम दर्जा प्राप्त हुआ है।

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, मेयर श्यामलाल बंसल, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा, उपायुक्त सतपाल शर्मा और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रेय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

पंचकूला में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में डाक्टरों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।-हप्र

निगम कमिश्नर ने वार्ड नंबर-6 का किया दौरा, विकास कार्यों का लिया जायजा

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 12 अगस्त (हप्र)

मनीमाजरा वार्ड नंबर-6 में विकास कार्यों और पार्किंग व्यवस्था को लेकर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बुधवार को क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने एरिया पार्षद एवं पूर्व मेयर सरबजीत कौर और पूर्व डिप्टी मेयर जगतार सिंह जग्गा के साथ चल रहे तथा प्रस्तावित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

दौरे की शुरुआत गोबिंदपुरा कम्युनिटी सेंटर से हुई। अधिकारियों ने बताया कि सेंटर का टेंडर जारी हो चुका है और इसी महीने निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद निगम की मनीमाजरा स्थित जमीन का निरीक्षण किया गया, यहां मल्टीलेवल पार्किंग विकसित करने के प्रस्ताव पर कमिश्नर ने सकारात्मक रुख दिखाया। इससे सड़क किनारे खड़े वाहनों से होने वाले जाम की समस्या कम होने की उम्मीद है। क्षेत्र में नगर निगम के खाली 5, 10 और 15 मरले के प्लॉटों का भी निरीक्षण किया गया। पूर्व मेयर सरबजीत कौर ने इनकी नीलामी कर निगम का राजस्व बढ़ाने और अतिक्रमण रोकने का सुझाव दिया। कमिश्नर ने अधिकारियों से संबंधित जमीनों का पूरा डाटा मांगा। उन्होंने शिवालिक एनक्लेव में नाले के साथ निगम की जमीन पर ग्रीन बेल्ट विकसित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, बच्चों के खेल मैदान की सुविधा के लिए सड़क के दूसरी ओर उपलब्ध जमीन पर अस्थायी खेल मैदान विकसित करने के निर्देश दिए गए।

मनीमाजरा में बुधवार को नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार वार्ड नंबर-6 का दौरा करते हुए।-हप्र

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के खिलाफ राज्य स्तरीय प्रदर्शन 19 को

विधायक चंद्र मोहन के आवास पर बैठक, नेताओं ने अधिक से अधिक भागीदारी का किया आह्वान

पंचकूला, 12 अगस्त (हप्र)

हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएनएल) की कथित नीतियों और भर्ती प्रक्रिया के विरोध में 19 अगस्त को प्रस्तावित राज्य स्तरीय प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में विधायक चंद्र मोहन के आवास पर वरिष्ठ नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक आफताब अहमद ने की। बैठक में प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। नेताओं ने संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां मजबूत करने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रदर्शन को एकजुटता के साथ सफल बनाने पर जोर दिया।

बैठक में विधायक अशोक अरोड़ा, विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के बाद सभी वरिष्ठ नेता सेक्टर-6 स्थित एचकेआरएनएल कार्यालय पहुंचे और प्रस्तावित प्रदर्शन के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नेताओं ने कहा कि 19 अगस्त का राज्य स्तरीय प्रदर्शन एचकेआरएनएल की कथित नीतियों और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का माध्यम होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया में युवाओं के हितों की अनदेखी की जा रही है और इसे लेकर सरकार के समक्ष आवाज उठाना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आह्वान किया कि वे 19 अगस्त को बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाएं। नेताओं ने कहा कि युवाओं और आमजन से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए एकजुट प्रयास किए जाएंगे।

पंचकूला में विधायक चंद्रमोहन के साथ कांग्रेस नेता और विधायक एचकेआरएनएल की नीतियों के खिलाफ राज्य स्तरीय प्रदर्शन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए।-हप्र

आप नेता सुभाष शर्मा ने तीज मेले में शिरकत कर महिलाओं को दी बधाई

डेराबस्सी में पंजाब वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा तीज मेले में शिरकत करते हुए।-हप्र

जीरकपुर, 12 अगस्त (हप्र)

डेराबस्सी स्थित एक निजी होटल में सहज क्लब की ओर से तीज का मेला आयोजित किया गया। मेले का प्रबंध परमिंदर कौर और उनकी पूरी टीम द्वारा बेहद सुचारू ढंग से किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ आम आदमी पार्टी नेता सुभाष शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

सुभाष शर्मा ने तीज मेले में पहुंचकर महिलाओं को इस त्योहार की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने पंजाब सरकार की जनहितैषी नीतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहार सभी को मिल-जुलकर मनाने चाहिए। इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे और एकता का अच्छा संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा त्योहारों के दिनों में महिलाओं के खातों में तीन-तीन हजार रुपये डालकर उन्हें बड़ा तोहफा दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सरकार द्वारा हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

तिरंगे के साथ पंचकूला में गूंजे 'भारत माता की जय' के नारे

ज्ञानचंद गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा ने निकाली यात्रा

पंचकूला, 12 अगस्त (हप्र)

देश की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे के सम्मान में भाजपा पंचकूला की ओर से बुधवार को पूर्व हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासियों, ग्रामीणों, भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

गीता चौक स्थित शालीमार ग्राउंड से शुरू हुई यात्रा मेजर संदीप सांखला चौक तक पहुंची। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल लोगों ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के जयघोष लगाए। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और जगह-जगह तिरंगे लहराते दिखाई दिए।

इस अवसर पर ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, त्याग, वीरता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, ऊधम सिंह, अशफाक उल्ला खां और लाला लाजपत राय सहित असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। गुप्ता ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों के बलिदान को सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। नई पीढ़ी को देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

यात्रा में मेयर श्यामलाल बंसल, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, शिवालिक बोर्ड के चेयरमैन ओम प्रकाश देवीनगर, एससी आयोग की चेयरपर्सन बंतो कटारिया, पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, पार्षद, कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे।

पंचकूला में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए।-हप्र

तिरंगा बाइक रैली को महापौर ने दिखाई झंडी

हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को सेक्टर-5 स्थित यवनिका पार्क से तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। पंचकूला के महापौर शाम लाल बंसल ने बतौर मुख्य अतिथि रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महापौर ने पंचकूलावासियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी देशभक्ति आधारित प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। 13 अगस्त को यवनिका पार्क से सुबह 7 बजे साइकिल रैली तथा 14 अगस्त को शालीमार ग्राउंड से शहीदी स्मारक, सेक्टर-2 तक तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

मूक-बधिर छात्रों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 12 अगस्त (हप्र)

सेक्टर-19 स्थित वटिका स्पेशल स्कूल के डेफ एवं हार्ड ऑफ हियरिंग विद्यार्थियों ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर स्कूल परिसर के बाहर करीब तीन घंटे प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में स्कूल के कुछ पूर्व विद्यार्थी और अभिभावक भी शामिल हुए। छात्रों ने स्कूल प्रबंधन को छह प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा।

छात्रों का कहना है कि कक्षाओं में इंडियन साइन लैंग्वेज की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण पढ़ाई समझने में परेशानी होती है। उन्होंने कक्षा 8वीं से 12वीं तक डेफ टीचर नियुक्त करने तथा शिक्षकों को इंडियन साइन लैंग्वेज की ट्रेनिंग देने की मांग की। विद्यार्थियों के अनुसार बेहतर साइन लैंग्वेज कम्युनिकेशन से पढ़ाई और संवाद दोनों आसान होंगे। छात्रों ने 9वीं से 12वीं कक्षा तक गणित और साइंस जैसे विषय उपलब्ध करवाने की मांग भी की। उनका कहना है कि इन विषयों की सुविधा नहीं होने से आगे उच्च शिक्षा और करियर के विकल्प सीमित हो जाते हैं।

समगोली सॉलिड वेस्ट प्लांट मौजूदा व पिछली सरकारों की बड़ी नाकामी : गुरदर्शन सैनी

कहा-डेराबस्सी हलके में बाहरी शहरों का कूड़ा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा

जीरकपुर, 12 अगस्त (हप्र)

समगोली में प्रस्तावित सॉलिड वेस्ट इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट प्लांट को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने मौजूदा और पिछली सरकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में बाहरी शहरों का कूड़ा किसी भी कीमत पर डंप नहीं होने दिया जाएगा।

गुरदर्शन सैनी ने कहा कि करीब 50 एकड़ जमीन पर प्रस्तावित इस प्लांट में लगभग तीन दर्जन नगर परिषदों का कूड़ा डंप कर उसे प्रोसेस करने और बिजली उत्पादन की योजना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह परियोजना डेराबस्सी क्षेत्र की जरूरतों के बजाय बाहरी शहरों की सुविधा के लिए आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि परियोजना को वर्ष 2012 में अकाली दल सरकार के कार्यकाल में मंजूरी मिली थी। इसके बाद कांग्रेस सरकार के समय करीब 50 एकड़ में से 39 एकड़ जमीन नगर निगम मोहाली को ट्रांसफर की गई। वहीं, मौजूदा सरकार के कार्यकाल में परियोजना को एनजीटी से आगे बढ़ाने के लिए हरी झंडी मिली। सैनी ने कहा कि जब परियोजना अब आगे बढ़ चुकी है तो पिछली और मौजूदा सरकारों के प्रतिनिधि इसका विरोध करने का दिखावा कर रहे हैं।

सैनी ने अकाली दल, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से सवाल किया कि विभिन्न क्षेत्रों में विरोध के बावजूद यह परियोजना डेराबस्सी में किसके निर्णय से लाई गई। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी पहले ही औद्योगिक खतरनाक कचरे, मीट प्लांट और बड़ी संख्या में पोल्ट्री फार्मों का बोझ उठा रहा है।

भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी समर्थकों के साथ।-हप्र

शक्तिरानी ने विकास कार्यों का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पिंजौर, 12 अगस्त (निस)

विधायक शक्तिरानी शर्मा ने आज पिंजौर ब्लॉक के गांव बुर्ज कोटियां स्थित ज्वाला माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 77 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। विधायक ने गांव मंगनीवाला में 23.20 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक केंद्र, चिक्कन में 1.85 लाख, खड़कुआं में 1.70 लाख की लागत से बावड़ी के सौंदर्यीकरण, फतेहपुर दीवानवाला में 29.98 लाख से निर्मित सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किया जबकि गांव बुर्ज कोटिया में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि क्षेत्र का समग्र एवं संतुलित विकास उनकी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें बल्कि समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतरें और आमजन को उनका सीधा लाभ मिले। कार्यक्रम स्थल पर शक्तिरानी शर्मा ने पौधारोपण भी किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना।

पिंजौर के गांव बुर्ज कोटियां में जनसभा में उपस्थित विधायक शक्तिरानी शर्मा एवं अन्य।-निस

राजकीय प्राथमिक पाठशाला ग्योंग (13663)
ब्लाक कैथल, जिला कैथल
नकारा कमरों की नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला ग्योंग (13663) खंड कैथल, जिला कैथल के नकारा/कंडम हुए (04) चार कमरों की सार्वजनिक बोली दिनांक 18.08.2026 दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में करवाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अग्रिम राशि 8000/- (आठ हजार रूपये) जमा करवा कर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी मलबा जैसा है जहां है, के आधार पर करवाई जाएगी। नियम व शर्तें विद्यालय परिसर में बोली देने से पहले बता दी जाएंगी।

मुख्य शिक्षक
राजकीय प्राथमिक पाठशाला ग्योंग (कैथल)
फोन नं.: 9416658962 (Head Teacher), 7015787518 (Teacher)

हिमाचल प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग
शिमला-2

सं.: पी.डब्ल्यू.डी.-बी.-एफ.(5)/19/2025-262470 दिनांक 19.05.2026

अधिसूचना

यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः गांव चलोग, तहसील शिमला (ग्रामीण), जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश में घणाहटी-नालाहाटी-कालीहाटी-अर्की सड़क के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में, जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है, उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है।

2. यह घोषणा भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा-19 के उपबंधों के अधीन इससे संबंधित सभी व्यक्तियों को सूचना हेतु की जाती है तथा उक्त अधिनियम की धारा-19 के अधीन भू-अर्जन समाहर्ता (शिमला क्षेत्र) लो.नि.वि., जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश को उक्त भूमि के अर्जन करने का निदेश दिया जाता है।
3. भूमि रेखांक का निरीक्षण भू-अर्जन समाहर्ता, (शिमला क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को किया जा सकता है।

विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नम्बर	क्षेत्र (है.) में
शिमला	शिमला (ग्रामीण)	चलोग	180/1	0-01-65
		कुल	किता - 01	0-01-65

आदेश द्वारा/-
प्रधान सचिव (लोक निर्माण),
हिमाचल प्रदेश सरकार।
DI-11991

मोहन मीकिन लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : सोलन ब्रुअरी (डाकघर) शिमला हिल्ज (हि.प्र.)-173214
CIN : L15520HP1934PLC000135 | Web Site: www.mohanmeakin.com
Tel. No. 01792-230450, 230423 | Email ID : solan@mohanmeakin.com
जून 30, 2026 को समाप्त तिमाही हेतु गैर-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(रु. लाखों में, प्रति इक्विटी शेयर डाटा को छोड़कर)

		समाप्त तिमाही 30.06.2026 गैर-अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 31.03.2026 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2025 गैर-अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 अंकेक्षित
1.	आप्रेशनों से कुल आय	17,990.96	61,918.86	31,936.92	230,238.03
2.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण तथा/या विशिष्ट आइटमों से पूर्व)	2,772.13	5,302.60	2,752.92	20,752.78
3.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (विशिष्ट तथा/या असाधारण आइटमों के बाद)	2,772.13	5,302.60	2,962.66	20,924.01
4.	कर पश्चात अवधि हेतु शुद्ध लाभ (विशिष्ट तथा/या असाधारण आइटमों के बाद)	2,023.81	4,010.21	2,217.46	15,675.28
5.	अवधि हेतु कुल विस्तृत आय [(अवधि हेतु लाभ शामिल (कर पश्चात) तथा अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात)]	2,134.14	4,098.68	2,198.28	15,723.36
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	425.42	425.42	425.42	425.42
7.	पिछले वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट के अनुसार रिजर्व (पुनः मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर)				62,188.02
8.	कमाई प्रति शेयर (फेस वैल्यू रु. 5/- प्रत्येक) बेसिक एवं कम हुई (रु.)	23.79	47.13	26.06	184.23

टिप्पणियां :
1. उपरोक्त 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए गैर-अंकेक्षित त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है, जिसे एसईबीआई (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किया गया है। 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए गैर-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कंपनी की वेबसाइट www.mohanmeakin.com और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् www.cse-india.com पर उपलब्ध है।
ii. इन वित्तीय परिणामों में उल्लिखित 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के आंकड़े, 31 मार्च, 2026 को समाप्त पूर्ण वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित आंकड़ों और 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष की तिथि तक के आंकड़ों के बीच संतुलन आंकड़े हैं। साथ ही, 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही तक के आंकड़ों की केवल समीक्षा की गई थी और वे लेखापरीक्षा के अधीन नहीं थे।
iii. पिछला अवधियों के आंकड़ों को जहां भी आवश्यक हो, वर्तमान अवधि के आंकड़ों के साथ तुलना करने योग्य बनाने के लिए पुनर्समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

स्थान: मोहन नगर (गाजियाबाद)
दिनांक : 12 अगस्त, 2026
हेमन्त मोहन
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन: 00197951)
DI-11971

हरियाणा सरकार
सिविल एविएशन डिपार्टमेंट
30 बेज़ बिल्डिंग तीसरी मंजिल, सेक्टर -17/बी, चंडीगढ़
वेबसाइट : www.haraviation.gov.in
ईमेल : cavation@hry.nic.in
टेलीफोन नंबर 0172-2709386
वाक इन इंटरव्यू

सिविल एविएशन डिपार्टमेंट, हरियाणा डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन,भारत सरकार, नई दिल्ली की जरूरत के हिसाब से, एक टेक्निकल ऑफिसर (CAMO) को पूरी तरह से कॉनट्रैक्ट बेसिस पर विज्ञापन के जरिए आउटसोर्स करना चाहता है। इसके लिए उन्हें रु. 50,000/- मासिक का निर्धारित वेतन एक साल के लिए या जब तक रेगुलर कैंडिडेट उस पोस्ट पर जॉइन नहीं कर लेता, जो भी पहले हो, दिया जाएगा। योग्यता एवं अनुभव की डिटेल्स नीचे दी गई है:-

1. ऐरोनोटिकल इंजीनियरिंग में स्नातक या डिप्लोमा या एएमई।
2. आरए, जेई या एचए या समकक्ष डीजीसीए परीक्षा मॉडयूल उत्तीर्ण के साथ सीएएमओ शाखा में 05 वर्ष का अनुभव।
3. टविन इंजन एयरक्राफ्ट या टविन इंजन हेलीकॉप्टर पर 03 वर्ष का कार्य अनुभव।
4. आयु सीमा : विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि को अधिकतम 42 वर्ष।

योग्य उम्मीदवार अपने मूल प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों और दो सेट फोटोकॉपी के साथ **25.08.2026 (मंगलवार) को सुबह 11 बजे डायरेक्टर जनरल, सिविल एविएशन, हरियाणा, तीसरी मंजिल 30 बेज़ बिल्डिंग, सेक्टर 17-B,** चंडीगढ़ के ऑफिस में पहुंचे। यह नियुक्ति पूरी तरह से कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर होगी। चयन कमेटी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी उम्मीदवार को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है। कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

डायरेक्टर जनरल,
सिविल एविएशन डिपार्टमेंट,
हरियाणा।
PRDH/1017/11/24/2027/48119/11/4

रामदरबार में ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

महिलाओं ने गिद्दा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 12 अगस्त (हप्र)

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, वार्ड नंबर-19, रामदरबार की ओर से बुधवार को रामदरबार में 'भव्य हरियाली तीज मिलन समारोह एवं महोत्सव-2026' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह ने की। समारोह में महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में हरियाली तीज का पर्व मनाया। कार्यक्रम में झूला समारोह, संगीत, नृत्य, गिद्दा और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने हरे रंग के पारंपरिक परिधानों में पहुंचकर कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। उपस्थित महिलाओं को आयोजकों की ओर से हरे दुपट्टे देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े त्योहार समाज को आपस में जोडने का काम करते हैं। उन्होंने महिलाओं की सामाजिक भागीदारी और सशक्तिकरण को महत्वपूर्ण बताया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष नंदिता हुड्डा, सांसद मनीष तिवारी की पुत्री ऐनेका तिवारी, प्रदेश सचिव बिरेंद्र रॉय और जिला अध्यक्ष राजदीप सिंह सिद्धू सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस अवसर पर बी.एन. तिवारी, हरजिंदर सिंह बावा, सुभाष पाल, ओमपाल चौटाला, रोहित चौटाला सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता और क्षेत्र की महिलाएं भी शामिल हुईं। महिलाओं ने संगीत और गिद्दा की प्रस्तुतियों के साथ तीज की खुशियां साझा कीं। आयोजिका सोनिया गुरचरण सिंह ने सभी अतिथियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

रामदरबार में हरियाली तीज महोत्सव के दौरान मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की एवं अन्य।-हप्र

Days after Taipei Open win, Tanvi Sharma visits Chandigarh academy to inspire young shuttlers

Khewa Malhotra
Mohali, August 13

Tanvi Sharma with budding players at the Chandigarh Badminton Academy in Zirakpur. EXPRESS

AS 17-YEAR-OLD Hoshiarpur shuttler Tanvi Sharma arrived at the Chandigarh Badminton Academy in Zirakpur with her elder sister Radhika Sharma and mother and coach Meena Sharma, she was surrounded by young trainees and India coach Surinder Mahajan.

Sharma, who became the youngest player to win the BWF Super 300 Taipei Open earlier this month, had defeated world No. 21 Nguyen Thuy Linh of Vietnam 21-16, 21-16 in the final. With the win, she became the youngest Taipei Open champion, breaking the record of previously held by Tokyo Olympics silver medallist and former world No. 1 Tai Tzu-ying, who was 18 years and 45 days old when she won the title.

Sharma, who currently trains at the National Centre of Excellence (NCOE) in Guwahati, had come to train under her mother and Mahajan for a few days before returning to Guwahati next week. She is scheduled to compete in the China Masters next month and the Asian Games in Japan.

"It's a special feeling to come to Chandigarh and to share time with the young trainees here. I hope my title win will inspire the youngsters and they will also aim to dream big," said Sharma.

Sharma has also become only the fourth Indian women's singles player, after Saina Nehwal, PV Sindhu and Devika Sihag, to win a BWF Super 300 title. Mahajan, who witnessed the emergence of London Olympics bronze medallist Nehwal and two-time Olympic medallist Sindhu during their junior days, had earlier worked with the Sports Authority of India before retiring. He has also worked with the Chandigarh Badminton Association and Chandigarh Sports Department before opening the academy in May this year.

Sharing his views on Sharma's feat, Mahajan said, "The title win is also due to Tanvi's hard work as well as the commitment shown by her, her coach and mother Meena Sharma. Tanvi has a range of strokes in her game. Every individual has their own strong points and weak points, but Tanvi Sharma is a very dedicated and committed player and has worked on almost all aspects of her game. The credit also goes to her mother Meena Sharma, who has coached her elder daughter Radhika Sharma too."

Sharma will play in the China Masters next month before competing in the Asian Games in Japan. She will rejoin her training at NCOE, Guwahati, next week.

Last year, Tanvi became the first Indian to win multiple medals at the World Junior Badminton Championships, winning silver in women's singles and bronze in mixed doubles at the championships held in Guwahati.

Mahajan believes training under foreign coach Park Tae-Sang at NCOE, Guwahati, over the last 18 months has helped Tanvi make a successful transition to the senior level.

"Tanvi's recent results show the kind of work a coach like Park Tae-Sang has been doing with her. She won a silver at the World Junior Championships last year and with this senior BWF title win, she will be motivated a lot. Her strength has been the same from the start, with her being a rally player. The strokes she plays and the drops are almost perfect. She is young at this point and her smashes do not have much power, but with time she will become more powerful and hit harder smashes. This title is an important one in her transition from junior to senior level," said Mahajan. Mother and coach Meena Sharma also shared her joy.

"Seeing Tanvi win titles at such a young age feels special. As a parent as well as coach, I could see all the hard work she has done and this title will act as a huge motivation for her," said Meena Sharma, who is also a coach at Chandigarh Badminton Academy.

The author is an intern with The Indian Express

I-Day: Traffic curbs around Parade Ground, Lok Bhawans

Restrictions to come into force at 6.30 am and remain in place until the function concludes

Express News Service
Chandigarh, August 12

TRAFFIC RESTRICTIONS and diversions will be in place around the Parade Ground in Sector 17 on August 15 in view of the Independence Day function, Chandigarh Police said in an advisory issued on Wednesday.

The restrictions will come into force at 6.30 am and remain in place until the function concludes. Emergency vehicles will be exempted.

The road stretch from the roundabout of Sectors 16/17/22/23 to Gurdial Singh Petrol Pump in Sector 22-A on Udyog Path will remain closed/diverted. Similar restrictions will apply from the Old District Court in Sector 17 to Shivalik Hotel on the backside of Parade Ground; from Lyon's Restaurant Light Point near the MC office to Parade Ground; from the Sector 22/23 Light Point to the roundabout of Sectors 16/17/22/23; and from the small chowk of Sector 16/23 to the same roundabout.

No general parking will be allowed in the parking area in front of shops in the Sector 22-A market from 6.30 am until the function concludes.

Special invitees carrying authorised parking labels have been asked to approach Parade Ground from the Sectors 16/17/22/23 roundabout (Cricket Stadium Chowk) on Udyog Path and park in the area in front of the Sector 22-A market.

The general public has been advised to approach Parade Ground either from ISBT Sector 17 Chowk or the 17/18 Light Point side. Parking will be available at the Sector 22-B parking area, Circus Ground in Sector 17, the parking area adjacent to Neelam Cinema and the Sector 17 multi-storey parking.

Buses heading towards ISBT Sector 17 will be diverted from Kissan Bhawan Chowk and Piccadilly Chowk via Himalaya Marg towards ISBT Chowk, Sector 17, and will reach ISBT Sector 17 from the small chowk near Gurdial Singh Petrol Pump.

At the time of dispersal, traffic coming from the 17/18 Light Point, Aroma Light Point, Sector 18/19/20/21 chowk and Cricket Stadium Chowk will be diverted away from ISBT Sector 17 Chowk on Udyog Path for half an hour, from 10.45 am to 11.30 am. During dispersal, only buses will be allowed on this stretch.

For security, invitees have been asked to be seated by 8.15 am. Special invitees and attendees will enter through Gates 6 and 7, opposite Sector 22, while the general public will use Gates 8, 9 and 10, opposite ISBT Sector 17. Media persons will enter through Gate 5, opposite Sector 22. All attendees have been asked to carry an original photo ID. Special invitees must prominently display their authorised parking labels and carry their invitation cards.

Police have also asked attendees not to carry bags, matchboxes, knives, cigarettes, weapons, liquor, inflammable items, electronic devices, black flags or banners/posters inside the venue. They have been advised to remain seated in their designated sectors until the function concludes and disperse in an orderly manner.

Traffic restrictions around Punjab, Haryana Lok Bhawans from 3 pm

Traffic restrictions and diversions will be in place around Punjab Lok Bhawan and Haryana Lok Bhawan on August 15 from 3 pm until the respective "At Home" functions conclude, Chandigarh Police said in an advisory.

At Punjab Lok Bhawan, movement on the road stretch in front of Punjab Lok Bhawan, from the roundabout of Sectors 5/6/7/8 to the T-point of Vigyan Path and Sukhna Path near Chandigarh Golf Club, will remain restricted/diverted for the general public, except emergency vehicles, from 3 pm onwards.

"At Home" invitees have been asked to approach Punjab Lok Bhawan from the Sector 5/6/7/8 Chowk on Vigyan Path, where a one-way traffic system will be implemented in front of the Lok Bhawan. Invitees have also been asked to prominently display their authorised parking labels on their vehicles.

Members of Chandigarh Golf Club have been advised to use Sukhna Path from the SGGS College side, on the dividing road of Sectors 7/26, to approach and leave the club from 3 pm until the function concludes.

At Haryana Lok Bhawan, movement on the road stretch from the Gursagar Sahib Gurudwara turn on Uttar Marg to the Sector 5/6/7/8 Chowk on Vigyan Path will remain restricted/diverted for the general public from 3 pm until the "At Home" function at Haryana Lok Bhawan concludes.

Invitees have been asked to approach Haryana Lok Bhawan from the Sukhna Lake side on Uttar Marg, where a one-way traffic system will be implemented in front of the Lok Bhawan. They have also been asked to prominently display their authorised parking labels.

The general public has been advised to use Uttar Marg from the Rock Garden side to approach Sukhna Lake.

TDI Mohali residents seek better road, drainage

Jasbir Malhi
Mohali, August 12

AMID GROWING resentment among residents of TDI-developed housing projects over inadequate infrastructure and pending road, drainage and sewerage works, a delegation of the Committee of Residents Welfare Associations & Societies (CORWAS), residents' welfare associations and political representatives met GMADA Chief Administrator Sandeep Kumar on Wednesday and sought immediate intervention.

The delegation, led by CORWAS president Rajwinder Singh Sarao, raised concerns over the alleged delay in the PR-6 road project, lack of an effective storm-water drainage system and sewerage-related problems affecting residents of TDI projects and adjoining areas.

Speaking to The Indian Express, former Mohali deputy mayor Kuljit Singh Bedi said residents had been "sold dreams" when the project was launched but were now struggling with basic civic amenities.

"The residents were shown dreams and the project was sold to them, but today there is no proper arrangement for the disposal of rainwater. A dedicated storm-water line is the main solution to the problem. During the monsoon, residents have to face waterlogging, while sewerage water being discharged into fields is creating foul smell and increasing the risk of mosquitoes and diseases," Bedi said.

Questioning GMADA's role, Bedi said the authority could not escape responsibility as it was the agency that granted approvals and sanctioned the layouts.

"When GMADA approves the plans and gives permissions for such projects, it is also responsible for ensuring basic infrastructure and civic amenities. The residents should not be made to suffer because of shortcomings in the implementation of the project," he said.

Senior deputy mayor Rajinder Parshad Sharma said the delegation had sought clarity from GMADA officials on pending legal proceedings and development works. "We have been assured that the facts of the matter will be properly placed before the court on August 17. Another meeting has been fixed for August 19 to take up the residents' issues and decide the further course of action," Sharma said.

He said development works meant for residents should not be stopped merely because of a dispute concerning the builder.

"Wherever work by the builder has been stayed, the development works related to residents should not be held up. People cannot be denied basic facilities because of a dispute involving the developer," he said.

BJP district president Sanjeev Vashisht said the delay in the PR-6 project had caused considerable inconvenience to residents for several years. He urged GMADA to start work on the 85-acre portion that is outside the present court dispute.

"PR-6 has remained pending for years and residents are suffering. We have asked GMADA officials to start work on the 85-acre portion which is outside the present court dispute so that the residents are not made to suffer further," Vashisht said.

Excise team raids Phase 5 bar, seizes 100 litres of beer

Mohali: The Excise Department, acting on information about liquor being served without a valid licence, raided The Brew Barrels in the Phase-5 market on Wednesday night and seized 100 litres of beer.

ENS

MOHAN MEAKIN LIMITED

Regd. Office: Solan Brewery (P.O.) Shimla Hills (H.P.) - 173214
CIN No. L15520HP1934PLC000135 | **Web Site:** www.mohanmeakin.com
Tel. No.: 01792-230450, 230423 | **Email ID:** solan@mohanmeakin.com

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026

(Rs. In lacs, except earning per equity share data)

		Quarter ended 30.06.2026 Unaudited	Quarter ended 31.03.2026 Audited	Quarter ended 30.06.2025 Unaudited	Year ended 31.03.2026 Audited
1	Total income from operations	17,990.96	61,918.86	31,936.92	230,238.03
2	Net profit for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	2,772.13	5,302.60	2,752.92	20,752.78
3	Net profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,772.13	5,302.60	2,962.66	20,924.01
4	Net profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	2,023.81	4,010.21	2,217.46	15,675.28
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	2,134.14	4,098.68	2,198.28	15,723.36
6	Equity share capital	425.42	425.42	425.42	425.42
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year				62,188.02
8	Earnings per share (Face value of Rs.5/- each) Basic and Diluted (Rs.)	23.79	47.13	26.06	184.23

Notes:

i. The above is an extract of the detailed format of unaudited Quarterly Financial Results for the quarter ended June 30, 2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2026 are available on the website of the Company i.e. www.mohanmeakin.com and the Stock Exchange i.e.www.cse-india.com)

ii. The figures for the quarter ended March 31, 2026, as reported in these financial results, are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year ended March 31, 2026 and the published year to date figures upto the third quarter ended December 31, 2025. Also, the figures upto the third quarter ended December 31, 2025 had only been reviewed and not subject to audit.

iii. Previous Period figures have been regrouped/rearranged, wherever necessary to make them comparable with the current period's figures.

Place: Mohan Nagar (Ghaziabad)
Date : August 12, 2026

Hemant Mohan
Managing Director
(DIN: 00197951)

DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT-3)

GROUND FLOOR, S.C.O. 33-34-35, SECTOR 17-A, CHANDIGARH-160017

Case No.: OA/807/2024

Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.

Exh. No.: 32912

PUNJAB NATIONAL BANK
VS
ARJAN SINGH

To,
(1) Arjan Singh S/o Kishan Sinngh, R/o Village Bela Dhiani, P.O. Mojowal, Tehsil Nangal, District Rupnagar.

SUMMONS

WHERAS, **OA/807/2024** was listed before Hon'ble Presiding Officer/ Registrar on **27/07/2026.**

WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 35,76, 472.50.**

In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :-

(i) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.

(ii) To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application .

(iii) You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.

(iv)You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal.

(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **09/09/2026 at 10:30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and the seal of this tribunal on this date **28.07.2026.**

टेलीफैक्स– 0135–2522941 ई–मेल – bridcul@gmail.com

BRIDCUL (ब्रिडकुल)

CIN No - U45203UR2008SGC032591

ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
प्रधान कार्यालय: अवस्थापना भवन, 583-ड, राजकीय आइ.टी.आई. निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून- 248001

Ref:1283/BRIDCUL-1060/26 Dated: 12/08/2026

E-Tendering(2nd Call)

On behalf of Hon'ble, Governor of Uttarakhand, E-Tenders are invited by Managing Director BRIDCUL, for the below work at Sr.no. 1 from the Contractors registered with any Govt./Semi Govt./PSU/Nigam in suitable Class & Category and for work at Sr. no. 2 from the Contractors registered with BRIDCUL only in Category-I (Rs 05 to 10 Cr.) for the work given as below:

S. No.	Ref No.	Name of Project	Estimated Cost (In lac Including GST)	Earnest Money(In Lac)	Cost of Tender Document (In Rs.)	Time Period
1	BRIDCUL/ HQ HLD/19/2026-27)	Miscellaneous Civil & Electrical works (STP, WTP, Fire Fighting, External Electrical, Kitchen Equipment, Furniture Fountain for Working Women Hostel at Fulsungi & Transit Camp, Rudrapur.	2222.02	44.45	5000 + 18% GST	09 Months
2	BRIDCUL/ HQ DDN/20/2026-27)	Construction of Approach road at Neem beach, Rishikesh Uttarakhand.	514.20	10.28	5000 + 18% GST	15 Months

For above tenders, document download start date is 14.08.2026 and Bid submission end date is 29.08.2026 at 1500 Hrs. The details of e-tender of above works can be obtained directly from website https://uktenders.gov.in
Changes, if any will be intimated only through website **https://uktenders.gov.in**

General Manager(Civil)

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, CHANDIGARH

First Floor SCO 33-34-35 Sector-17A, Chandigarh-160017

RC No. 54/2023 **AUCTION NOTICE** Date of Auction Sale: 13.10.2026

PROCLAMATION OF SALE PROCLAMATION OF SALE UNDER RULES 37,38 AND 52 (1),(2) OF SECOND SCHEDULE OF THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS DUE TO BANKS AND FINANCIAL INSTITUTIONS ACT, 1993 as amended from time to time.

To, (CD-1) Sahi Pal Singh S/O Sh Tuman Singh Son of Sh. Tuman Singh R/O H No 15 Village Toba Po Mehmoodpur Distt Ambala, 133104, Haryana.

Title of case & R.C. NO.	Amount Recoverable	Date & Time of E-Auction	E-Auction Process	Reserve Price EMD Bid Increase Amount	Name of the Contact No. of Authorised Officer
STATE BANK OF INDIA V/S SAHI PAL SINGH AND ORS RC No. 54/2023 in O.A. No. 2343/2019	Sum of **Rs.28,45,930/-** jointly and severally, with costs of **Rs.31,000/-**, current and future simple interest @8% p.a jointly and severally with interest w.e.f. 08.11.2019 till the date of realization of the amount .	**13.10.2026** between **4:00 PM** TRIBUNAL **15:00 PM** by auction and bidding shall take place Online through the ARR https:// www.bankeauctions.com.	Mr Mithalesh Kumar -Assistant Manage, www.c1india.com Plot No. 68, 3rd Floor, Sector-44, Website- Gurgaon-122003, Haryana (India) https:// www.bankeauctions.com Direct:0124-4302000| Mobile: +917080804466| E- mail: delhi@c1india.com C1 India: 2nd mail I'd - mithalesh.kunmar@c1india.com	**75,50,000/- 7,55,000/- 2,00,000/-**	Sh.Mukesh Kumar, Branch Manager, Saha Branch, Mob.Number (99805-77749), Email: sbi.16891@sbi.co.in.

Description of theMovable / Immovable Property with known encumbrances, if any

1. Land measuring Barara, Distt. 24K- Not known OOM, situated in Village Toba, H.B. No. 20, Sub-Tehsil Saha, Ambala as per Jamabandi for the year 2007-08, detailed as under- Not known property Not known a) comprising Land measuring 12K- 00M being 1/6 share out of land measuring 72K-00M in Khewat No. 62, Khatauni No. 72, Khasra No. 11//5 (8-0), 12 (8-0), 13 (8-0), 14 (8- 0), 18 (8-0), 19 (8-0), 15/1 (8-0), 13//25 (8-0), 32//18 (8-0). b) Land measuring 12K-00M being 1/6 share out of land measuring 72K-00M comprising in Khewat No. 67, Khatauni No. 81, Khasra No. 4//10 (8-0), 11 (8-0), 21 (8-0), 51//14 (8-0), 15 (8-0), 16 (8-0), 17 (8-0), 18/1 (3-0), 24/2/2 (5-0), 25 (8-0).

Note:- The property is being sold on "AS IS WHERE IS BASIS" & "AS IS WHAT IS BASIS" and before participating in the auction process, the Prospective Buyers are advised to inspect the property and also to read carefully all the general forms and condition of the auction can be obtained from the Branch.

GENERAL TERMS AND CONDITIONS OF E-AUCTION SALE TERMS AND CONDITIONS OF SALE

1. The property shall be sold **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"WHAT IS WHERE IS BASIS"** shall be subject to other terms and conditions as published on the official website of the e-auction agency. All the payments shall be made through RTGS/NEFT in the account details of which are given in the sale notice. 2. The highest bidder shall have to **deposit 25%** of his final bid amount atent of EMD already paid, **IMMEDIATELY** after being declared as highest bidder regards declaration as H1 is concerned, the concerned e-auction agency directed to send an e-mail (if possible, auto-generated) immediately after completion of bid process as per scheduleto the H1 that he is the highest bidder advise him to deposit 25% of the bid money minus the amount pad as earnest moneyimmediately. For the pose of this provision, the meaning of word immediately means same day but if bank timing is over agency's directed to of bid process of "Him" RA CHAN deposit the gapose of as per schedule to the H1 that he is the highest bidder advise bid money minus the amount paid as immediately means next bank working day by 4:00 P.M. through RTGS/NEFT in the account as mentioned in sale notice. 6. The successful bidder/auction purchaser shall deposit **the balance 75% of sale consideration amount on or before 15th day from the date of the sale** of the property. 8. The purchaser shall also deposit poundage fee @1% on total sale consideration money! (plus Rs. 10) through DD in favour of **The Recovery Officer-II, DRT-II, Chandigarh.** The DD prepared towards poundage's fees shall be submitted directly with the office of **Recovery Officer-II, DRT-II, Chandigarh.** The poundage fee Draft should be separately prepared in favour of **"The Recovery Officer-II, DRT-II, Chandigarh** and payment of poundage fee will not be accepted through **RTGS/NEFT** in any circumstances.

Given under my hand and seal on this date 16.07.2026

Recovery Officer -II
DRT-II, Chandigarh

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)

1st Floor SCO 33-34-35 Sector-17 A, Chandigarh
(Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)

DEMAND NOTICE

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/364/2024 **PUNJAB NATIONAL BANK** **Dated : 10-08-2026**
Versus
SH. JAI SIKANDER SINGH

To,
(CD 1) Sh. Jai Sikander Singh S/o Sh. Manjit Singh Arora, R/o House No.2244, Super Enclave, Sector-49, Chandigarh.
(CD 2) Ms. Anupreet Arora D/o Sh. Manjit Singh Arora, R/o House No. 4065, Sector 46 D, Chandigarh.
(CD 3) Sh. Manjit Singh Arora S/o Sh. Niranjan Singh Arora, Plot No.117, Industrial Area, Phase-II, Chandigarh.
(CD 4) Smt. Narinder Arora W/o Sh. Manjit Singh Arora, R/o House No. 4065, Sector 46-D, Chandigarh.
(CD 5) Sh. Devender S/o Sh. Shyam Lal, R/o House No.1730, Sector-4, Panchkula, Haryana.

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2) in OA/3637/2017 an amount of **Rs. 33,54,787/-** (Rupees Thirty Three Lakhs Fifty Four Thousands Seven Hundred Eighty Seven Only) along with pendentellite and future interest @10.10% Compound Interest Monthly w.e.f. 01/12/2015 ill realization and costs of **Rs. 36,005/-** (Rupees Thirty Six Thousands Five Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **23/10/2026** at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **10/08/2026.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH-(DRT 1)

2nd Floor, SCO 33-34-35, Sector-17A, Chandigarh

DEMAND NOTICE

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/122/2023 **Dated : 31-07-2016**
PUNJAB NATIONAL BANK (ORIENTAL BANK OF COMMERCE)
Versus
M/S RANA METAL CASTING

To,
(CD 1) M/s Rana Metal Casting Through its Proprietor Sh. Vikas Suri, Village Malakpur, GT Road, Sirhind, District Fatehgarh Sahib, Punjab.
(CD 2) Sh. Vikas Suri Proprietor M/s Rana Metal Casting, Village Malakpur, GT Road, Sirhind, District Fatehgarh Sahib.
(CD 3) M/s Premier Non Woven Industries Through its Proprietor Sh. Vikas Suri Village Malakpur, GT Road Sirhind District Fatehgarh Sahib.
(CD 4) Smt. Rama Suri
Smt. Rama Suri W/o Sh. Raghubir Suri, R/o H. No. 3106, Krishan Nagar, Sirhind, District Fatehgarh Sahib.

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, **DERTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 1) in OA/314/2019** an amount of **Rs. 88,35,302.75** (Rupees Eighty Eight Lakhs Thirty Five Thousands Three Hundred Two And Paise Seventy Five Only) along with pendentellite and future interest **@12.50%** Compound Interest Monthly w.e.f. 15/01/2019 till realization and costs of **Rs. 91,005**/- (Rupees Ninety One Thousands Five Only) has become due against you (Jointly and severally/Fully Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **10/11/2026** at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/ execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date **31/07/2026.**

Recovery Officer-II
DEBTS Recovery Tribunal Chandigarh, (DRT-1)